दिनांक: 21.07.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद दिल्ली में विश्व धरोहर समिति की बैठक का उद्‌घाटन करेंगे।
- संसद के कल से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक सम्पन्न।
- गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन–देवस्थान विभाग ने दो सौ से अधिक संतो और महंतों का किया गुरू वंदन।
- प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मानसूनी वर्षा का दौर जारी–पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर अगले दो–तीन दिन में अच्छी बारिश की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे सभा को भी संबोधित करेंगे। भारत, पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। बैठक इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगी। विश्व धरोहर समिति की बैठक वर्ष में एक बार होती है और यह विश्व धरोहर से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन और विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है। इस दौरान विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को निर्धारित करने, 124 मौजूदा विश्व धरोहर संपत्तियों की संरक्षण स्थिति रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय सहायता और विश्व धरोहर निधि के उपयोग सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया इस बैठक के माध्यम से दुनिया भर को भारत में हुए विकास को दिखाने का अवसर मिलेगा।

...............

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलिम्पियाड में भारत द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल करने पर गर्व व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय दल ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से युवा प्रेरित होंगे और इससे गणित को और अधिक लोकप्रिय बनाने में भी मदद मिलेगी।

000

संसद के बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक आज नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास अठावले और कांग्रेस नेता जयराम रमेश तथा गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, ऑल इंडिया मजलिस–ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन औवेसी सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल  हुए। उल्लेखनीय है कि संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री खडगे आज 82 वर्ष के हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खडगे के लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी श्री खडगे को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

000

कारगिल युद्ध के नायकों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए घातक स्ट्राइकर्स ब्रिगेड का दस सदस्यीय दल आज नसीराबाद पहुंचा। इस दल का सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गौरतलब है कि कारगिल के ऑपरेशन विजय में भारतीय सेना की जीत के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में नसीराबाद सैन्य स्टेशन से साइकिलिंग अभियान 9 जुलाई 2024 को शुरू हुआ था। टीम का नेतृत्व अनुभवी साइकिल चालक कैप्टन सुविंशु ने किया। इस दौरान इस दल ने अरावली पहाड़ियों के उबड़–खाबड़ और चुनौतीपूर्ण इलाके में 13 दिनों में कुल 1 हजार 235 किलोमीटर की कठिन यात्रा की। यात्रा के दौरान ये दल कुंभलगढ़, माउंट आबू, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, ब्यावर, अजमेर से होता हुआ आज नसीराबाद पहुंचा।

000

-----------------

आज गुरू पूर्णिमा है। इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन आध्यात्मिक गुरुओं और आचार्यों को समर्पित होता है। इस अवसर पर लोग अपने गुरुओं के प्रति अहोभाव प्रकट करते हैं, जिन्होंने उनका पथ–प्रदर्शन किया है और जीवन को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर कई धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न सम्प्रदायों के प्रमुख गुरुपीठों और आश्रमों में व्यास पीठ पूजन और गुरु वंदन किया जा रहा है। देवस्थान विभाग की ओर से प्रदेश के 215 गुरुओं और संतो का "गुरु वंदन" किया गया।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गोविन्द देवजी और मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महन्तों का वंदन किया। विभाग की ओर से हर गुरु को 31 सौ रुपये, शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डीग के पूंछरी के लौठा में श्रीनाथ जी के मन्दिर में पंचामृत अभिषेक कर पूजा–अर्चना की। श्री शर्मा ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। लुधावई गांव में बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना की और महंत गुरु रामदास सहित संतों का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भरतपुर में गुरू पूर्णिमा का पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

----------------------

इस अवसर पर सवाईमाधोपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर गुरूजनों के आश्रमों में भण्डारों का आयोजन किया गया है। पाली जिले के जाडन स्थित विश्वदीप गुरूकुल में स्वामी महेश्वारानन्द जी का देशी–विदेशी भक्तों ने पूजन किया। बूंदी जिले में भी विभिन्न गुरू स्थानों पर गुरू पूजन किया गया। वाण गंगा स्थित केशरीनन्दन आश्रम में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ की पूर्ण आहुती हुई। डूंगरपुर जिले में संत मावजी महाराज की जन्म स्थली सावला के हरि मन्दिर में आज हजारों के संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे और गादीपति महंत अच्युतानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। कोटा में देवस्थान विभाग की ओर से संतों का अभिनन्दन किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मुख्यमंत्री का संदेश संत प्रभाकर साहब को सौंपा। जैसलमेर, हनुमानगढ, टोंक और झुन्झुनू जिलों में भी गुरू पूर्णिमा पर्व धार्मिक उल्लास से मनाया गया।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बूंदी क्षेत्र में तेज बारिश होने से बरधा बांध में पानी की अच्छी आवक हुई है जिससे चादर चलने लगी है। चांदा का तालाब भी पूरी तरह भर गया है। जैसलमेर में कल रात हुई तेज बारिश के बाद से जलाशयों में पानी का आना जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज दौसा, बारां, अजमेर, जयपुर और भीलवाड़ा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाडी में बने कम दबाव क्षेत्र के असर से पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। वहीं कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर  तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश और 23 जुलाई को एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश  होने की संभावना है।

000

पाली में लघु उद्योग भारती की ओर से लघु उद्यमी सम्मेलन आयोजित हुआ। शहर के रूप रजत विहार में आयोजित इस सम्मेलन में लघु, सूक्ष्म उद्योग और उद्योगों के विकास और उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई। सम्मेलन का उद्घाटन उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई और पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने किया। कार्यक्रम में करीब 1000 उद्यमी शामिल हुए।

000

जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ यात्रा में अब तक तीन लाख 86 हजार से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा इस वर्ष 29 जून से शुरू हुई  थी। यात्रा के 23वें जत्थे में आज सुबह तीन हजार एक सौ 13 यात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से 123 वाहनों से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। इस वर्ष यह यात्रा 52 दिन चलेगी और अगले महीने की 19 तारीख को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन के दिन संपन्न होगी।

000